पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून, बुधवार 4 दिसंबर, 2019 पेज 8

कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रुड़की के पूर्व छात्रों को सम्मानित करते सीएम।




## संक्षिप्त समाचार

### अब उत्तराखंड मंत्रिमंडल की बैठक चार दिसंबर को

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश मंत्रिमंडल की तीन दिसंबर को होने वाली बैठक टल गई है। बैठक शाम छह बजे मुख्यमंत्री आवास पर होनी थी। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री के व्यस्त कार्यक्रम और विधायक दल की बैठक भी इसी शाम होने के चलते मंत्रिमंडल की बैठक टाल दी गई है। अब मंत्रिमंडल की बैठक विधानसभा सत्र के दौरान चार दिसंबर को दोपहर दो बजे से विधान भवन में होगी। इस बैठक में अनुपूरक बजट पर सरकार मुहर लगाएगी।

### यूसर्क ने अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) के अन्तर्गत दिव्यांग केन्द्र द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूसर्क, साहस फाउंडेशन, भारत विकास परिषद्, उड़ान, मानव, माटी आदि संस्थाओं से आये विशेषज्ञों ने इस वर्ष की थीम 'दिव्यांगजनों के प्रतिभाग एवं नेतृत्व को प्रोत्साहित करने हेतु कार्ययोजना' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुये दिव्यांगों को समानता एवं सहभागिता और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर बल दिया।

### बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति एम्पैक्स के कंप्यूरीकरण के निर्देश दिये

**संवाददाता** देहरादून। सहकारिता राज्यमंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में सहकारिता मेलों के सम्बन्ध में बैठक की। बैठक में प्रदेश के 670 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड एम्पैक्स के कंप्यूरीकरण के लिए निर्देश दिये गये। राज्य के समस्त जिला सहकारी बैंक एवं राज्य सहकारी बैंकों के सीबीएस ढाँचे में सम्मिलित होने के कारण इसे सुचारू रूप से संचालित करने तथा कृषकों के हित में इससे सम्बन्धित योजनाओं को पारदर्शी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया गया।

### एनएचएआई के टोल प्लाजा पर 15 दिसंबर से फास्टैग अनिवार्य

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचआई की ओर से तैयार दो टोल प्लाजा पर 15 दिसंबर से फास्टैग अनिवार्य हो जाएगा यह दो टोल प्लाजा उधम सिंह नगर जनपद के काशीपुर सितारगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवरिया और सितारगंज टनकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यानी में स्थापित किए गए है। एनएचएआई उत्तराखण्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सीके सिन्हा ने बताया कि दोनों टोल प्लाजा पर 11 नवंबर से ट्रायल शुरू हो चुका है।

## कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रूड़की के 22 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कॉलेज के प्रबंधन, शिक्षक तथा छात्रों को स्थापना दिवस पर शुभकामनायें दी।

मुख्यमंत्री ने कॉलेज में संचालित किये जा रहे एग्रीकल्चर तथा हॉर्टीकल्चर विषय में स्नातक (बीएससी) की शिक्षा दिये जाने पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि किसान हमारे देश में सबसे अधिक श्रम करने वाला और न्यूनतम सुविधा में जीवन यापन करने वाला व्यक्ति है। वह दिन रात मेहनत करने के बाद भी अपने द्वारा किये श्रम का हिसाब नहीं लगाता। यदि कॉलेज में किसी को इस विषय की शिक्षा देकर निपूण बनाया जा रहा है तो यह कृषक वर्ग के लिए उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# 2022 के चुनाव के लिए अभी से जुटी कांग्रेस

**दावा**

■इस बार कांग्रेस प्रदेश में फिर से वापसी करेगीः हरीश रावत

देहरादून। **संवाददाता**

साल 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को उत्तराखंड में मिली करारी हार के बाद अब कांग्रेस ने सबक लेते हुए अभी से 2022 के विधानसभा चुनाव को जीतने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार कांग्रेस एकजुट होकर भाजपा को हराने के लिए तैयारी कर रही है। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत दावा कर रहे हैं कि इस बार कांग्रेस प्रदेश में फिर से वापसी करेगी।

भले ही उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव होने में अभी 2 साल का समय बचा हुआ है। लेकिन कांग्रेस ने अभी से चुनाव जीतने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत अभी से प्रदेश में उत्तराखंड के दौरे पर निकलने लगे हैं। हरीश रावत का कहना है कि उत्तराखंड में एक बार फिर कांग्रेस वापसी करेगी, क्योंकि उत्तराखंड में कांग्रेस के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। हरीश रावत का कहना है कि प्रदेश में विपक्ष ताकतवर नहीं है, जिस वजह से सत्ता पक्ष निरंकुश होता जा रहा है। उत्तराखंड की दूसरी ताकत केवल कांग्रेस है, इसलिए जनता को कांग्रेस को ताकत देनी होगी ताकि उत्तराखंड का विकास हो सके। वहीं, हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड में कांग्रेस नहीं हार रही है बल्कि उत्तराखंड हार रहा है. जब से देश और प्रदेश में बीजेपी की सरकार का गठन हुआ है तब से सरकार पूरी तरह से निरंकुश हो चुकी है। सरकार एकतरफा फैसले ले रही है। जिसका असर जनता पर पड़ रहा है।

### भाजपा सरकार गैरसैंण से लगातार दूरी बना रही

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसोनी ने प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी देवेंद्र भसीन के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि वह गैरसैंण में सुविधाओं के अभाव को सत्र न होने की वजह बता रहे है तो यह अत्यंत निंदनीय है। उत्तराखंड की जनता को सोचना होगा कि आखिर प्रचंड बहुमत और डबल इंजन की सरकार अगर अपने 3 साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी आंदोलन का मुख्य बिंदु रहे गैरसैंण के लिए इस तरह के बयान देते हैं तो आखिर यह पहाड़ी राज्य जा किस ओर रहा है।

# तहसील दिवस पर लोगों की जन समस्याओं की हुई सुनवाई

**तहसील दिवस**

**संवाददाता**

### डोईवाला में तहसील दिवस में 87 शिकायतें दर्ज, डीएम ने सुनीं शिकायतें

### सम्बन्धित विभागीय अधिकारी को समस्याओं के निराकरण के निर्देश

देहरादून। तहसील डोईवाला में जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में तहसील दिवस के अवसर पर लोगों की जन समस्याओं की सुनवाई की गयी। जनसुवाई में कुल 87 शिकायती आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से अधिकतर शिकायतें सिंचाई, राजस्व विभाग, जल संस्थान, नगर पालिका परिषद, समाज कल्याण से सम्बन्धित प्राप्त हुई तथा आवारा पशुधन नियंत्रण, अतिक्रमण हटाने, अवैध खनन पर लगाम लगाने तथा पब्लिक ग्रीवांस से सम्बन्धित आवेदन प्रमुख रूप से छाये रहे।

जिलाधिकारी ने अधिकतर आवेदनों का उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से माके पर ही निराकरण करवाया। अन्य लम्बित प्रकरणों पर 15 दिन के भीतर समाधान करते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने ऐसे आवेदन जिनमें थोड़ा समय अपेक्षित है, उनके समाधान के लिए 1 माह का समय देते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारी को उसके निराकरण के निर्देश दिये।




डोईवाला में तहसील दिवस में जन शिकायतें सुनते डीएम।

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग तथा आसपास क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाने के लिए आगामी शनिवार को उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एनएच डोईवाला, सिंचाई, जल संस्थान, पेयजल निगम, यूपीसीएल, लोक निर्माण विभाग की बैठक करते हुए आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा समिति से जुड़े विभागों को भी सड़कों का निरीक्षण करते हुए जहां सुरक्षा की दृष्टि से स्पीड ब्रेकर लगने हैं और जहां पर अनावश्यक को हटाना है उसका संयुक्त स्थलीय निरीक्षण करते हुए अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने लोगों द्वारा अवैध खनन होने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी डोईवाला, पुलिस विभाग और खनन अधिकारी को सख्ती से निर्देश दिये कि अवैध अतिक्रमण से सम्बन्धित यदि दुबारा शिकायत पायी गयी तो जिम्मेदार कार्मिक पर सख्त कार्यवाही की जायेगी, साथ ही यदि खनन क्षेत्र वन विभाग का है तो वहां पर वन विभाग भी इस पर तत्काल लगाम लगायें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को सभी तहसीलों में इसी तरह तहसील दिवस का आयोजन किया जायेगा और वह स्वयं भी रोस्टरवार किसी–न–किसी तहसील में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने अधीनस्थ तथा फील्ड के कार्मिकों को प्रत्येक तहसील दिवस पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### जयंती पर याद किए गए पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

**संवाददाता** देहरादून। स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति, भारत रत्न, स्व0 डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय, राजीव भवन 21 राजपुर रोड़ में महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने स्व. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने कहा कि सादा जीवन उच्च विचार के प्रतीक स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ने छात्र जीवन में ही अपनी विद्वता एवं प्रतिभा का परिचय देते हुए कई कीर्तिमान स्थापित किये थे। डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद को शिक्षकों का आदर्श बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन की षुरूआत एक अध्यापक के रूप में करते हुए 35 वर्षों तक अध्यापन का सफलतम कार्य किया तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति बनने तक का सफर तय किया। उन्होंने अपनी अंतिम सांस तक सच्चे गांधी वादी के रूप में गांधी जी के बताये मार्ग पर चलने का प्रयास किया। डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ने संविधान निर्माण सभा के अध्यक्ष के रूप में जिस संयम, अनुशासन और ज्ञान से भारतीय संविधान निर्माण को सहज बनाया वह अपने आप में बेमिसाल है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।